कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – गोपनीय / 2021 / 635 दिनांक– 31–08–2021

प्रेस विज्ञप्ति (सशोधित)

आज दिनांक 31.08.2021 को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा माननीय कुलपति जी के सम्मुख वर्तमान में व्याप्त कोविड-19 महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थितियों के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 01 सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ होने वाली परीक्षाओं के सम्बन्ध में विद्यार्थियों के समक्ष उत्पन्न कठिनाईयों एवं पाठ्यक्रम पूर्ण न होने इत्यादि से अवगत कराया गया। परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों के विद्यार्थियों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए छात्र संगठनों के अनुरोध पर माननीय कुलपति जी, कुलसचिव, निदेशक, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल, निदेशक, डी0 आई0 सी0, परीक्षा नियन्त्रक, उप-परीक्षा नियन्त्रक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं कुलानुशासक, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल द्वारा सम्यक विचारोपरान्त व्यापक छात्रहित में दिनांक 01 सितम्बर, 2021 से प्रारम्भ होने वाली समस्त परीक्षाओं को 01 माह के लिये स्थगित किया जाता है। संशोधित विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वैबसाईट के माध्यम से पृथक से शीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि समस्त परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में इस अवधि में व्यापक छात्रहित में ऑफलाईन माध्यम से नियमित कक्षाओं का संचालन करते हुए शिक्षण कार्य सम्पादित किया जायेगा तथा समस्त पाठ्यक्रम पूर्ण किये जायेंगे। जिन पाठ्यक्रमों में प्रयोगात्मक कक्षायें अनिवार्य हैं उन समस्त पाठ्यक्रमों में इस अवधि में समस्त प्रयोगात्मक कक्षाओं का ऑफलाईन माध्यम से विधिवत् संचालन किया जायेगा जिससे समस्त अभ्यर्थी अपने प्रयोगात्मक कक्षाओं के पाठ्यक्रम को इस अवधि में पूर्ण कर सकें। उपरोक्त समस्त कक्षाओं के संचालन में भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा कोविड - 19 महामारी से बचाव के सम्बन्ध में निर्गत समस्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य होगा।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः गोपनीय / 2021 / [illegible].635 तद्दिनांकः 31–08–2021

प्रतिलिपि–

क– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 01–09–2021 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

क–

- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

ख– सिस्टम प्रोग्रामर, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

ग– कुलसचिव, कु0वि0वि0 नैनीताल।

घ– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक